बिहार सरकार
कला एवं संस्कृति विभाग

ज्ञाप संख्या–2सां० / आ०3–01 / 2026–.................. पटना, दिनांक .... / 2026

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक०),
बिहार, पटना।

विषय :– वित्तीय वर्ष–2026–27 में बिहार संगीत नाटक अकादमी, पटना को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनार्थ राशि ₹ 70,00,000 / –(सत्तर लाख रूपये) मात्र सहायक अनुदान की स्वीकृति।

आदेश : स्वीकृत।

2– इस व्यय का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–08 के अधीन बजट शीर्ष ''2205–कला एवं संस्कृति–102–कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन–0101–कला और संस्कृति का संवर्द्धन, विपत्र कोड 08 2205001020101 के अंतर्गत, विषय शीर्ष–3106–सहायक अनुदान–गैर वेतन से होगा।

3– इस राशि की निकासी, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी तथा बिहार संगीत नाटक अकादमी, पटना को उनके खाता सं0–0474010082091, IFSC Code-PUNB0047420 में भुगतान किया जायेगा तथा व्यय बिहार वित्तीय नियमावली, बिहार लोक निर्माण संहिता एवं वित्त विभागीय निदेशों के आलोक में की जायेगी।

4– स्वीकृत राशि का लेखा जोखा अलग रखा जायेगा। भारत सरकार / बिहार सरकार के वित्त अंकेक्षण को स्वीकृत राशि के अंकेक्षण का अधिकार होगा। स्वीकृत राशि या उसके किसी अंश के दुरूपयोग प्रमाणित होने पर संबंधित संस्था से राशि वसूलनीय होगी।

5– स्वीकृत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन ससमय विभाग को विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जायेगा।

6– यह स्वीकृति वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888 दिनांक–03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

7– उक्त प्रस्ताव पर आंतरिक वितीय सलाहकार की सहमति संचिका सं0–2सां० / आ०3–01 / 2026 के पृष्ठ–03 / टि0, दिनांक–29.04.2026 एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन पृष्ठ–02 / टि0, दिनांक– 28.04. 2026 पर प्राप्त है।

8– एतद द्वारा पूर्व निर्गत स्वीकृत्यादेश सं0–782 दिनांक–24.02.2026 को रद्द किया जाता है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0 / –
(रूबी)
निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।

ज्ञापांक 70 / पटना, दिनांक 30/4 / 2026

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक, सांस्कृतिक कार्य / निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी / प्रशाखा पदाधिकारी–1 एवं 2 / लेखाशाखा (दो अतिरिक्त प्रतियों में) / सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (बजट) / आई0टी0 मैनेजर, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना तथा सचिव, बिहार संगीत नाटक अकादमी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/4/26

निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।